
बृहस्पतिवार
16 जून 2022



पृष्ठ 4
**हाथों की ड्रायनेस दूर करेंगे, ये हैंड स्क्रब्स**



पृष्ठ 5
**त्रिकोणीय मुकाबले से हटे टाइगर श्रॉफ**



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 133
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

# दून वैली मेल

सांध्य दैनिक
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com

**आज का विचार**

यह सच है कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहने वाले नहीं, मगर किनारे पर खड़े रहने वाले कभी तैरना भी नहीं सीख पाते।
– वल्लभ भाई पटेल

# अग्निवीरों को सरकारी नौकरियों में मिलेगी प्राथमिकताः धामी



विशेष संवाददाता

देहरादून। अग्निपथ योजना से न सिर्फ युवाओं को रोजगार और देश सेवा का अवसर मिलेगा बल्कि इससे हमारी सेना सशक्त और मजबूत बनेगी। यह बात आज विधानसभा परिसर में आयोजित एक पत्रकार वार्ता के दौरान मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कही।

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि आज जब विश्व के अन्य तमाम देश अनेक समस्याओं से घिरे हुए हैं भारत निरंतर प्रगति की ओर अग्रसर है। उन्होंने अग्निवीर योजना को युवाओं के लिए एक स्वर्णिम अवसर बताते हुए कहा कि इसे लेकर हर एक

**❑पुलिस, आपदा प्रबंधन व चारधाम यात्रा में होगा उपयोग**
**❑सरकारी सेवा के लिए अलग से बनाएंगे नियमावली**

युवा उत्साहित है। उन्होंने कहा कि सेना में जाना सिर्फ एक नौकरी पाना नहीं है युवा देश सेवा और राष्ट्रभक्ति की भावना से प्रेरित होकर सेना में जाते हैं। महामारी के कारण सेना में दो साल से भर्तियां नहीं हो पा रही थी। अग्निपथ योजना लाकर केंद्र सरकार ने सेना में भर्ती का रास्ता खोल दिया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जो युवा 4 साल सेना में अग्निवीर की सेवा देगा वह हर क्षेत्र में जाने के लिए ट्रेंड होकर लौटगा। उन्होंने कहा कि इन युवाओं को राज्य सरकार राज्य पुलिस भर्ती के साथ-साथ अन्य सभी सरकारी सेवाओं में भी प्राथमिकता देगी। उन्होंने कहा कि हम सेना के इन ट्रेंड अग्नि वीरों उपयोग पुलिस और आपदा प्रबंधन तथा चार धाम यात्रा प्रबंधन में करेंगे। उन्हें प्राथमिकता के आधार पर सरकारी नौकरी मिलेगी। उनका कहना है कि अग्नि वीरों के लिए सरकारी नौकरियों में प्राथमिकता दिए जाने के लिए अलग से नियमावली बनाई जाएगी।

उन्होंने कहा कि उत्तराखंड वीरभूमि है यहां हर घर से एक व्यक्ति सेना में है मैं खुद एक सैनिक पुत्र हूं उन्होंने कहा कि हमारे लिए सबसे पहले हमारा देश है। उन्होंने कहा कि युवा किसी के

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## 'अग्निपथ' पर युवा आगबबूला

**❑राजधानी दून सहित आधा दर्जन शहरों में विरोध-प्रदर्शन**

देहरादून/पिथौरागढ़। केंद्र सरकार द्वारा सेना में अल्पकालीन भर्ती को जो अग्निपथ योजना लाई गई है उसे लेकर युवा आगबबूला है। राजधानी दून से लेकर पिथौरागढ़ तक युवाओं ने छह शहरों में आज अग्निपथ योजना के विरोध में सड़कों पर उतर कर जबरदस्त प्रदर्शन किया और इस योजना को वापस लेने की मांग करते हुए सेना की खुली भर्ती खोलने की मांग की।



पिथौरागढ़ से प्राप्त समाचार के अनुसार आज इस योजना के विरोध में सड़कों पर उतरे युवाओं ने सरकार पर युवाओं का भविष्य खराब करने का आरोप लगाते हुए कहा कि 4 साल के लिए नौकरी देकर सरकार युवाओं के भविष्य से खिलवाड़ कर रही है। 4 साल सेना में सेवा के बाद यह युवा क्या करेंगे? उनमें इस बात को लेकर भी आक्रोश है कि सरकार ने अभी हाल में सेना भर्ती के लिए हुई परीक्षाओं को भी रद्द कर दिया है।

उधर आज बड़ी संख्या में सड़कों पर उतरे युवाओं ने राजधानी के घंटाघर पर भी इस योजना के खिलाफ प्रदर्शन किया और कहा कि यह बेरोजगार युवाओं के साथ धोखा है। सरकार उन्हें नौकरी दे नहीं पा रही है जबकि तमाम विभागों में हजारों पद खाली पड़े हैं। 4 साल की नौकरी देकर सरकार युवाओं के साथ धोखा कर रही है जिसे युवा कतई भी बर्दाश्त नहीं करेंगे उनकी मांग है

◀◀ शेष पृष्ठ 7 पर

## 'अग्निपथ योजना' का देश के कई हिस्सों में विरोध प्रदर्शन, बिहार में ट्रेन में लगाई आग

नई दिल्ली। अग्निपथ योजना का देश के कई हिस्सों में युवा विरोध प्रदर्शन कर रहे हैं। बिहार में तो यह प्रदर्शन हिंसक हो चुका है जहां कैमूर जिले के भभुआ रोड रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों ने इंटरसिटी ट्रेन की एक बोगी में आग लगा दी। हालांकि इसमें किसी भी तरह का नुकसान नहीं हुआ है।



इसके अलावा आरा जंक्शन रेलवे स्टेशन पर प्रदर्शनकारियों ने प्लेटफॉर्म ४ पर तोड़फोड़ की। वहीं स्टेशन पर दुकानों से लूटपाट की खबरें भी सामने आई है। छपरा में बिहार रोडवेज की एक बस में तोड़फोड़ की। इसके अलावा सिवान में भी प्रदर्शनकारियों ने ट्रेन सेवा को बाधित कर दिया है। बहार के अलावा गुरुग्राम में दिल्ली–जयपुर हाइवे को जाम कर दिया है, और राजस्थान, उत्तर प्रदेश और हरियाणा में भी प्रदर्शन की कुछ खबरें सामने आई है। अग्निपथ स्कीम को लेकर आज जहां देश भर में विरोध प्रदर्शन चल रहे है, वहीं इसको लेकर विपक्ष ने भी केन्द्र सरकार को घेर रहा है।

## देश में कोरोना ने पकड़ी रफ्तार, 24 घंटे में आए 12213 नए केस

नई दिल्ली। भारत में कोरोना के मामलों में पिछले २४ घंटे में करीब ३६ प्रतिशत का उछाल आया है। स्वास्थ्य मंत्रालय की ओर से गुरुवार सुबह जारी अपडेट के अनुसार १२,२१३ नए मामले पिछले २४ घंटे में सामने आए हैं। इससे पहले कल ८८०० से कुछ ज्यादा केस आए थे। वहीं, ११ लोगों की मौत भी पिछले २४ घंटे में महामारी से हुई है। इसी के साथ देश में कोरोना से मरने वालों का आंकड़ा बढ़कर ५ लाख २४ हजार ८०३ पहुंच गया है। दैनिक संक्रमण दर अब बढ़कर २.३५ प्रतिशत पहुंच गया है।

स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक एक्टिव केस में भी ४५७८ की वृद्धि दर्ज की गई है और अब सक्रिय मरीजों की संख्या बढ़कर ५८२१५ पहुंच गई है। इस बीच ७६२४ मरीज बीमारी से ठीरक भी हुए हैं। देश में अभी तक




कोविड वैक्सीन की १६५ करोड़ से ज्यादा डोज (१,९५,६७,३७,०१४) लगाई जा चुकी है। पिछले २४ घंटे में १५ लाख २१ हजार ६४२ डोज लगाई गई। आईसीएमआर ने बताया है कि ५ लाख १६ हजार ४१६ कोरोना टेस्ट भी बुधवार को किए गए।

देश में कोरोना के सबसे अधिक नए मामले पिछले २४ घंटे में महाराष्ट्र से सामने आए हैं। महाराष्ट्र में बुधवार को कोरोना वायरस से संक्रमण के ४,०२४ नये मामले दर्ज किए जो पिछले दिन की तुलना में ३६ प्रतिशत अधिक है जबकि दो संक्रमितों की इस अवधि में मौत हुई। राज्य में मंगलवार को कोविड–१९ के २,९५६ मामले मिले थे और चार मरीज़ों की मौत दर्ज की गयी थी।

इसके अलावा केरल से ३४८८ नए केस मिले। यहीं तीन लोगों की मौत भी बुधवार को कोरोना से हुई। इसके अलावा दिल्ली से १३७५ केस मिले। कर्नाटक से ६४८ और हरियाणा से ५६६ नए कोरोना केस पिछले २४ घंटे में सामने आए हैं। कर्नाटक में एक शख्स की मौत कोरोना से इस अवधि में हुई है। इन पांच राज्यों के अलावा तमिलनाडु से ४७६ नए केस, यूपी से ३१३, पश्चिम बंगाल से २३०, तेलंगाना से २०५ और गुजरात से भी १८४ नए कोरोना केस मिले।

दून वैली मेल

## संपादकीय

## बेरोजगारों की उलझन को समझें

जो देश अपने पानी, जवानी और किसानी का सदुपयोग नहीं कर पाता उसका भविष्य कभी अच्छा नहीं हो सकता। हिंदुस्तान युवाओं का देश है इस देश के विकास का रास्ता गांवों से होकर जाता है गंगा-यमुना और ब्रह्मपुत्र नदिया इस देश की जीवनदायिनी है। यह तमाम बातें आपने जरूर सुनी होंगी। जो यह बताती है कि जवानी, पानी और किसानी की संपदा से यह देश परिपूर्ण है। लेकिन अगर इनके उपयोग की बात की जाए तो यह भी एक बड़ा सच है कि इस संपदा का समुचित उपयोग कम से कम अब तक तो हुआ नहीं है। बात अगर भारत की जवानी की करें तो देश के 60 फीसदी युवाओं में से 50 फीसदी युवा बेरोजगार है। जिनके पास कोई काम नहीं है। अकेले बिहार में 30 लाख, उत्तर प्रदेश में सवा करोड़ युवा बेरोजगारी की मार झेल रहे हैं। देश में बेरोजगारी की दर 7. 30 फीसदी से भी अधिक है। भले ही इसके पीछे सरकारी नौकरियों के पीछे दौड़ना एक अहम कारण रहा हो। यह सभी युवा जानते हैं कि सबके लिए सरकारी नौकरी दिया जाना संभव नहीं है फिर भी युवा पढ़ाई लिखाई का मतलब नौकरी ही समझता रहा है। युवा पढ़ लिखकर कुछ करने के बारे में सोचते ही नहीं है। उन्हें तो मुंशी प्रेमचंद की कहानी नमक का दरोगा की बस दरोगा बनना ही सबसे बड़ी उपलब्धि दिखाई देता है। दो दिन पूर्व सरकार द्वारा अग्निपथ के जरिए सेनाओं में अग्निवीर बनने की शॉर्ट टर्म योजना के प्रस्ताव से अवगत कराया गया। जिसे लेकर बिहार सहित देश के कई राज्यों में उग्र प्रदर्शन शुरू हो गए। विपक्षी दलों के नेता भी इसे युवाओं और सेनाओं के साथ धोखा बता रहे हैं। सभी का मानना है कि 4 साल की इस नौकरी के बाद युवा न घर के रहेंगे न घाट के। सरकार को इन युवाओं की आशंकाओं को दूर करना चाहिए। मात्र यह कह देने से कि चार साल अग्निवीर सेना का हिस्सा रहने वालों में 25-30 फीसदी को सेना में स्थाई नियुक्ति देने पर सरकार विचार कर रही है, के बजाय स्थाई नौकरी दी जाएगी की बात की जानी चाहिए। अब विरोध प्रदर्शनों के लिए गृह मंत्री अमित शाह कह रहे हैं कि अग्नि वीर जवानों को केंद्रीय सुरक्षा बलों में प्राथमिकता दी जाएगी तथा राज्य सरकारों द्वारा पुलिस भर्ती में भी प्राथमिकता दी जाएगी। जैसे आश्वासनों पर कितना भरोसा किया जा सकता है? सरकार को यह साफ करना चाहिए। सरकार ने जिस तरह यह साफ किया है कि उनकी शैक्षिक योग्यता और चयन प्रक्रिया क्या होगी तथा उन्हें 4 साल की सेवा में क्या प्राप्त किया होंगी 4 साल बाद उनका भविष्य क्या होगा इसे स्पष्ट करने की जरूरत है। अगर कुछ नहीं है तब भी सरकार साफ कहें कि सिर्फ 4 साल की नौकरी है जिसमें वेतन प्राप्त किया यह होंगी और कुल प्राप्तियां यह होंगी। सेवानिवृत्त अग्नि वीरों को कार्यकाल पूरा होने पर जो 10-11 लाख रुपए एकमुश्त देने का प्रावधान है वह इन युवाओं को कोई काम न मिलने की स्थिति में कुछ छोटा मोटा काम करने के लिए अति महत्वपूर्ण साबित हो सकता है। आज देश में करोड़ों युवा ऐसे हैं जो धनाभाव के कारण कुछ काम नहीं कर पा रहे हैं कर्जों से कोई काम करना अत्यंत जोखिम भरा है। इस योजना से उन्हें अपने पैरों पर खड़ा होने का मौका जरूर मिल सकता है भले ही इसके लिए उन्हें लंबा संघर्ष करना पड़े।

# नौ साल बाद भी नहीं भर पाए हैं केदारनाथ आपदा के जख्म



विशेष संवाददाता

रुद्रप्रयाग। भले ही देवभूमि उत्तराखंड के आपदा इतिहास में अनेक प्राकृतिक आपदायें दर्ज हो लेकिन 16 जून 2013 की केदारपुरी जल प्रलय की आपदा को कभी भुलाए भी नहीं भुलाया जा सकता है। भले ही इस आपदा को 9 साल का समय बीत चुका हो लेकिन अभी तक इस आपदा में हुए जानमाल का सही आकलन नहीं किया जा सका है।

आज से ठीक 9 साल पहले 16 जून 2013 को केदारनाथ पुरी में श्रद्धालुओं का वैसा ही जमावड़ा था जैसा हमेशा रहता था। शाम तक किसी को भी यह आभास नहीं था कि आने वाले कुछ ही घंटों में ऐसा घटित होने वाला है जिसकी कोई कल्पना भी नहीं कर सकता है। रात ठीक 8 बजकर 35 मिनट पर तेज गर्जना के साथ जल का प्रभाव केदारघाटी पर कहर बनकर टूटा और अपने साथ सब कुछ बहा ले गया। होटल, भवन, सड़क,

### ❑केदारपुरी जल प्रलय के नौ साल पूरे

पुल जो भी उस प्रलय की चपेट में आया तिनके की तरह बह गया। जल तांडव की यह रात सुबह होने तक केदारघाटी को पूरी तरह तबाह कर चुकी थी। कितने लोग मलबे में दब गए व कितने जल प्रवाह में बह गए, घर-मकान दुकान व होटल कुछ भी शेष नहीं बचा था जान बचाने की सभी जद्दोजहद बेकार साबित हुई अगर कुछ बचा था तो केदारबाबा का धाम जिसे दिव्य शिला ने जल प्रवाह को थाम कर सुरक्षित रखा हुआ था बाकी सब खंडहर में तब्दील हो गया था।

केदारनाथ आपदा में कितने लोगों की जान गई इसका कोई पुष्ट आंकड़ा 9 साल बाद भी उपलब्ध नहीं है 9 साल बाद भी 3183 लोग अभी भी लापता लोगों की सूची में दर्ज हैं। लापता लोगों की सूची परिजनों द्वारा दर्ज कराई गई एफआईआर व अन्य शिकायतों के आधार पर बनाई गई है। आपदा के बाद चले सर्च ऑपरेशन में 703 कंकाल तलाश किए गए जिनमें से चंद लोगों की पहचान डीएनए की जांच में हो सकी इस आंकड़े में जो लापता हैं उसके अलावा 1277 लोगों के मारे जाने की बात कही गई है। गौरीकुंड से लेकर केदारपूरी तक कितनी संपत्ति का नुकसान हुआ बचाओ राहत कार्य में लगे दर्जनों लोगों की मौत हुई थी।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बीते 8 सालों से केदार पुरी के नवनिर्माण में लगे हैं 2014 में शुरू हुए निर्माण कार्यों पर अब तक 200 करोड़ से अधिक खर्च हो चुका है। बहुत कुछ हो गया और बहुत कुछ होना अभी बाकी है भले ही सरकार के प्रयास से केदारपूरी अब पहले से अधिक भव्य-दिव्य बनती जा रही हो लेकिन जिन लोगों ने इस आपदा में अपनों को खोया उनके जख्म कभी नहीं भरे जा सकेंगे।

### एमकेपी इंटर कॉलेज में योग शिविर शुरू

देहरादून। आयुष विभाग की ओर से योग दिवस के उपलक्ष्य में एमकेपी इंटर कॉलेज में टीचर्स–छात्राओं के लिए योग शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. मिथलेश, अपर जिला आयुर्वेद अधिकारी डा. पीके गुप्ता ने बताया कि २१ जून को योग दिवस की तैयारी की जा रही है। कई जगहों पर योग शिविर लगाकर विशेषज्ञों द्वारा योग सिखाया जा रहा है। एमकेपी इंटर कॉलेज में आयुर्वेद चिकित्सक डा. मीरा रावत की देखरेख में योग शिविर का संचालन कराया जा रहा है। सुबह छह से सात बजे शिविर का आयोजन किया जा रहा है।

त्वं ह त्यदिन्द्र कुत्समावः शुश्रूषमाणस्तन्वा समर्ये।
दासं यच्छुष्णं कुयवं न्यस्मा अरन्धय आर्जुनेयाय शिक्षनरु।।
(ऋग्वेद ७–१९–२)

हे सूर्य के समान प्रतापी शासक ! आप विद्युत के तुल्य वज्र से प्रजा के शत्रुओं का विनाश कीजिए। विवेकशील व्यक्ति के जीवन के संघर्ष में सहायता कीजिए। दुष्टों द्वारा अर्जित धन को उनसे लेकर जनकल्याण में लगायें।

O sun-like ruler ! You destroy the enemies of the subjects with a thunderbolt like lightning. Help the honest, rational man in his struggle for life. Take the money earned by the wicked from them and use it for the public welfare. (Rig Veda 7-19-2)

# उधार के पैसे मांगने पर मारपीट कर घायल करने पर चार नामजद

देहरादून (सं)। उधार के रूपये मांगने पर मारपीट कर घायल करने के मामले मे पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार चिरंजीपुर विकासनगर निवासी सैमवेल पुत्र शेक्सिपयर ने विकासनगर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने डेविड पुत्र एलिया, निवासी- ग्राम मार्टिनडेल से 11 हजार रूपये लेने है। सतीश बाबू के गोदाम, बाईपास रोड, विकासनगर पर जब उसने डेविड से अपने पैसों की मांग की तोएरिया पुत्र विनियामिन, डेविड पुत्र एरिया, सौक्रेटी जेम्स पुत्र एरिया, निर्मल पुत्र एरिया, निवासी ग्राम मार्टिन्डेल, विकासनगर, ने मिलकर प्रार्थी के साथ लड़ाई-झगड़ा गाली-गलौच किया तथा उसके साथ मारपीट की, जिससे उसको गम्भीर व गुम चोटें आई। जब उसका लड़का राहुल बीच में आया तो उसे भी इन लोगों ने बुरी तरह मारा। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# भारत की जानलेवा सड़कें

सड़क हादसे एक तरह की आपदा हैं, जो अचानक किसी परिवार पर टूट पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे रोकने की कोशिशें प्रभावी नहीं हुई हैं। नतीजतन, हादसे अधिक जानलेवा होते जा रहे हैं।

भारत में अगर जान की कीमत समझी जाती, तो बेशक यह एक बड़ी खबर बनती। लेकिन शायद ही इसकी वैसी चर्चा हुई, यह खबर जिसके लायक है। यह खबर बताती है कि सड़क हादसे भारत में लोगों की मृत्यु, विकलांगता, और अस्पताल में भर्ती होने के प्रमुख कारणों में से एक हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इस बारे में एक रिपोर्ट तैयार की है। उसके मुताबिक दुनिया भर में सड़क हादसों में मरे 1० लोगों में से कम से कम एक भारत से होता है। भारत के सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्रालय ने 卐रोड एक्सिडेंट्स इन इंडिया-2०2०卐 नाम की रिपोर्ट के मुताबिक सड़क पर घातक दुर्घटनाओं की चपेट में सबसे अधिक युवा आ रहे हैं। उसका उनके परिवारों पर क्या असर होता है, इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। रिपोर्ट कहती है कि साल 2०2० के दौरान राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों में कुल 3,66,138 सड़क हादसे हुए, जिनमें 1,31,714 लोगों की जान गई और 3,48,279 लोग घायल हुए। हर एक सौ सड़क हादसे में 36 लोगों की जान गई, जबकि 2०19 में ये संख्या 33 थी।

यानी उस साल सड़कों पर अधिक मौत हुई, जिसमें कई महीने लॉकडाउन में गुजरे थे। 2०2० में सड़क हादसों की चपेट में आने वालों में 18-45 साल के आयु वर्ग युवा वाले वयस्कों का हिस्सा 69 प्रतिशत था। जबकि 18-6० वर्ष के लोगों की हिस्सेदारी कुल सड़क दुर्घटनाओं में 87.4 प्रतिशत थी। रिपोर्ट में बताया गया कि 2०2० में ट्रैफिक नियम उल्लंघन की श्रेणी के तहत ओवर स्पीडिंग के तहत 69.3 फीसदी लोगों की मौत हुई, जबकि गलत दिशा में गाड़ी चलाने से हुए हादसे में 5.6 फीसदी लोगों की जान गई। सड़क पर होने वाले हादसे के कारण पीड़ित और उसके परिवार पर आर्थिक बोझ भी पड़ता है। असामयिक मौतों, चोटों और विकलांगताओं के कारण संभावित आय का नुकसान होता है। यानी सड़क हादसे एक तरह की आपदा हैं, जो अचानक किसी परिवार पर टूट पड़ती है। दुर्भाग्यपूर्ण है कि इसे रोकने की कोशिशें प्रभावी नहीं हुई हैं। नतीजतन, हादसे अधिक जानलेवा होते जा रहे हैं। (आरएनएस)

# एनआईओएस ने जारी किए रिजल्ट

देहरादून (आरएनएस)। राष्ट्रीय मुक्त विद्यालयी शिक्षा संस्थान (एनआईओएस) ने अपनी अप्रैल–मई की परीक्षाओं के नतीजे घोषित कर दिए हैं। नतीजे संस्थान की वेबसाइट के जरिये देख व डाउनलोड किए जा सकते हैं। एनआईओएस के क्षेत्रीय निदेशक हरदीप सिंह वड़ैच ने बताया कि उत्तीर्ण शिक्षार्थियों की मार्कशीट,माईग्रेशन सर्टिफिकेट छपने की प्रक्रिया जल्द ही शुरू की जाएगी। जैसे ही क्षेत्रीय कार्यालय को मुख्यालय से सर्टिफिकेट प्राप्त होंगे वे जल्द ही उनके पंजीकृत अध्यन केंद्र पर भेज दिए जाएंगे। उन्होंने बताया कि अभ्यर्थी अधिक जानकारी के लिए क्षेत्रीय केंद्र देहरादून से से टेलीफोन नंबर ०१३५–२५३२५६२ पर संपर्क कर सकते हैं।

## कैदियों को ले जा रहा वाहन दुर्घटनाग्रस्त

हरिद्वार (सं)। सड़क दुर्घटना में आज सुबह कोर्ट में पेशी के लिए ले जाए जा रहे कैदियों का वाहन छतिग्रस्त हो गया। वाहन में बैठे किसी भी कैदी को कोई चोट नही आई। मौके पर पहुँची पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त वाहन से कैदियों को सकुशल निकाल एक अन्य वाहन में बैठा कर पेशी के लिए भेजा गया।

जानकारी के अनुसार आज सुबह रुड़की जेल से एक वाहन कैदियों को रोशनाबाद कोर्ट में पेशी पर ले जा रहा था। बताया जा रहा है कि जब वाहन बहादराबाद हाईवे पर पहुँचा तो कैदियों को ले जा रही गाड़ी दुर्घटनाग्रस्त हो गई। पता चला है कि हादसा वाहन के आगे चल रही एक गाड़ी के अचानक ब्रेक लगाए जाने के कारण हुआ जिसमे जेल वाहन का आगे का हिस्सा बुरी तरह छतिग्रस्त हो गया। जिसके बाद कैदियों को अन्य गाड़ी की सहायता से पेशी पर रोशनाबाद पहुँचाया गया।

# मुख्यमंत्री धामी ने डीफ ओलंपिक पदक विजेताओं को किया सम्मानित



नगर संवाददाता

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी द्वारा अपने कैम्प कार्यालय में डीफ ओलंपिक 2022 के पदक विजेताओं को शाल ओढ़ाकर सम्मानित किया गया। सम्मानित होने वालों में स्वर्ण पदक विजेता अभिनव देशवाल एंव कांस्य पदक विजेता शौर्य सैनी शामिल रहे।

इस मौके पर मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने पदक जीतने वाले दोनो खिलाड़ियों को 2024 में होने वाले पेरिस ओलंपिक की तैयारियों के लिए प्रोत्साहन एंव सम्मान राशि एंव वित्तीय सहायता दोनो विषयों पर अतिरिक्त सचिव को निर्देशित किया गया। मुख्यमंत्री धामी ने दोनो खिलाड़ियों को आश्वासन दिया गया कि इस विषय में जल्द से जल्द सहायता की जायेगी। इस दौरान दोनो खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी को भेंट स्वरूप स्मृति चिन्ह प्रदान किये गये। इस अवसर पर स्वर्ण पदक विजेता अभिनव देशवाल के पिता मनोज देशवाल, कोच संदीप डबास, बहन अंकिता देशवाल, दादा प्रमेन्द्र देशवाल एंव कांस्य पदक विजेता शौर्य सैनी के कोच दीपक कुमार (ओलम्पियन एंव सिल्वर मैडिल्सट एशियन गेम्स), भाजपा जिला महामंत्री आदेश सैनी, चेतनदास सैनी, अरूण सूद (पूर्व अंर्तराष्ट्रीय खिलाड़ी) एंव मनोज शर्मा (राष्ट्रीय खिलाड़ी) मौजूद रहे।

# अमृत सरोवर योजना के तहत बनेंगी छोटी झीलें: जोशी

संवाददाता



देहरादून। कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री गणेश जोशी ने कहा कि सरकार ने मनरेगा के तहत जल स्रोतों को रिचार्ज करने के लिए छोटे-छोटे झील एवं तालाब निर्माण किए जाने हेतु अमृत सरोवर योजना प्रारंभ की है। जिसके तहत शीघ्र ही जल स्रोतों को रिचार्ज कर छोटी झीलें व तालाबों का निर्माण कराया जायेगा।

आज यहां कृषि एवं ग्राम्य विकास मंत्री मंत्री गणेश जोशी द्वारा विधानसभा सत्र प्रारम्भ होने से पूर्व ही क्षेत्र से सम्बन्धित मुख्यमंत्री घोषणाओं की प्रगति समीक्षा बैठक आहूत की। इस बैठक में जिला प्रशासन, राजस्व विभाग, वन, जल संस्थान तथा पेयजल निर्माण निगम के अधिकारियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। इस दौरान मसूरी विधानसभा के संतला देवी पर नून नदी में, सिरकी पर बांदल नदी में, बाडवली में बाल्दी नदी पर, भीतरली में टोंस नदी पर, हल्दीवाला में नून नदी पर, मसंदावाला में नून नदी पर तथा किमाड़ी सुमन नगर राजपुर एवं मालसी में जल स्रोतों के पुनर्जवन हेतु छोटी झील अथवा तालाब बना कर पेयजल स्रोतों को रिचार्ज करने पर चर्चा की गई। ग्रामीण विकास मंत्री द्वारा निर्देशित किया गया कि, क्षेत्र की पेयजल समस्याओं के स्थायी समाधान हेतु जल स्रोतों को रिचार्ज करने की कार्य नीति तैयार करते हुए तत्काल कार्य प्रारंभ किया जाए। उन्होंने कहा कि, देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देश की पेयजल समस्याओं पर दूरगामी नीति बनाते हुए, मनरेगा के तहत जल स्रोतों को रिचार्ज करने के लिए छोटे-छोटे झील एवं तालाब निर्माण किए जाने हेतु अमृत सरोवर योजना प्रारंभ की है। जिसके तहत प्रत्येक जनपद में न्यूनतम 75 छोटी झीलें अथवा तालाबों का निर्माण किया जाना है। जोशी द्वारा अधिकारियों को निर्देशित किया गया कि उपरोक्त प्रस्तावित तालाबों अथवा झील के निर्माण को प्रस्तावित करने से पूर्व वन विभाग एवं जियोलॉजिकल एक्सपोर्ट, राजस्व विभाग, पेयजल निर्माण निगम एवं सिंचाई विभाग के अधिकारियों द्वारा एक संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया जाए। इस पर तय किया गया कि 18 जून को स्थापित स्थलों का संयुक्त स्थलीय निरीक्षण किया जाएगा। समीक्षा बैठक में युसेक के निदेशक डॉ एमपीएस बिष्ट, पेयजल निगम के मुख्य अभियंता एससी पंत, अधीक्षण अभियंता सिंचाई विभाग, आर के तिवारी, दिनेश चंद्र उनियाल, आर एस गुसाईं, एडीएम, प्रभागीय वनाधिकारी देहरादून तथा मंजीत रावत भी उपस्थित रहे।

# बजरंग दल ने डीएम कार्यालय पर दिया धरना

संवाददाता




देहरादून। बजरंग दल कार्यकर्ताओं ने जिला मुख्यालय पर धरना देकर जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया।

आज यहां बजरंग दल के कार्यकर्ता प्रांत साप्ताहिक मिलन प्रमुख विकास वर्मा के नेतृत्व में जिला मुख्यालय पर एकत्रित हुए जहां पर उन्होने धरना दिया। धरने के पश्चात जिला प्रशासन के माध्यम से राष्ट्रपति को ज्ञापन प्रेषित किया। ज्ञापन में उन्होंने कहा कि देश में बढती इस्लामिक जिहादी कटटरपंथियों की अतिवादी घटनाओं का बजरंग दल विरोध करता है। उन्होंने कहा कि शुक्रवार को जुम्मे की नमाज के बाद जिन मस्जिदों से उन्मादी भीड व दंगाई निकले थे उन पर कडी निगरानी रखी जाए। जिन लोगों ने उस भीड को उकसाया, उनके विरूद्ध भी कठोर कार्यवाही कर गिरफ्तारी की जाये। उन्होंने कहा कि हिंसा में शामिल लोगों के साथ ही उन जिहादी मानसिकता के लोगों मस्जिदों तथा जमीयत ए उलेमा ए हिन्द जैसे संगठनों के विरूद्ध भी शिकंजा कसा जाए। इस अवसर पर आशीष बलूनी, श्याम वर्मा, विशाल चौधरी, नवीन गुप्ता, आलोक सिन्हा, नीरज रस्तोगी, धीरज कुमार, दीपक, सोनू गुप्ता, सुमित गुप्ता आदि शामिल थे।

## अदालती सूचना

आज्ञा से- अपर न्यायधीश (कुटुम्ब न्यायालय) देहरादून।

मूलवाद संख्या 1236/2021

सरला देवी

........वादनी

बनाम

नरेश प्रसाद गैरोला

.......प्रतिवादी

चूंकि वादिनी सरला देवी ने आपके विरूद्ध एक वाद अन्तर्गत धारा 13 हिन्दू विवाह अधिनियम विवाह विच्छेद हेतु योजित किया है जिस पर वास्ते जवाबदावा/ आपत्ति प्रस्तुत करने हेतु नियम है।

उक्त वाद की सुनवाई के लिये दिनांक 01.02.2022 को नियत किया गया था और आपके नाम समन निकाला गया था। वादिनी इस न्यायालय में उपसंजात हुई और आप उपसंजात नहीं हुए। नाजिर की विवरणी से न्यायालय को समाधनप्रद रूप में यह साबित हो गया है कि उक्त समन की तामील आप पर हुई थी। किन्तु वह तामील इतने पर्याप्त समय में नहीं हुई कि आप उक्त समन में नियत दिन उपसंजात होकर उत्तर दे सकें।

आपको सूचित किया जाता है कि वाद की सुनवाई उक्त तिथि पर स्थगित कर दी गयी है और उसकी सुनवाई के लिए ता0 29.7.2022 को नियत की गई है। यदि आप उक्त तारीख को उपसंजात नहीं होंगे तो वाद की सुनवाई और उसका निपटारा आपकी अनुपस्थिति में किया जाएगा।

यह आज ता0 13.06.2022 को मेरे हस्ताक्षर से और न्यायालय की मुद्रा से जारी की गई है।

प्रबन्धक/रीडर

अपर

कुटुम्ब न्यायालय देहरादून।

## मोटरसाईकिल चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने घर के बाहर खडी मोटरसाईकिल चोरी कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार आफिसर कालोनी रेसकोर्स निवासी सूरज सिंह खत्री ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसने अपनी मोटरसाईकिल घर के बाहर खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आया तो उसने देखा कि उसकी मोटरसाईकिल अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## स्मैक के साथ दो गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। पुलिस ने स्मैक के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार पटेलनगर कोतवाली पुलिस ने परवल के पास दो लोगों को संदिग्ध अवस्था में जाते हुए देखा तो उनको रूकने का इशारा किया। पुलिस को देख वह भाग खडे हुए। पुलिस ने पीछा कर उनको थोडी दूरी पर रोक लिया।

तलाशी लेने पर पुलिस ने दोनों के कब्जे से 31 ग्राम स्मैक बरामद कर ली। पूछताछ में उन्होने अपने नाम मोहसिन अंसारी पुत्र नसीम अंसारी निवासी सेलाकुई व अकरम पुत्र सफरूद्दीन निवासी अबजलगढ बिजनौर बताया। पुलिस ने दोनों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# पव्वाधार नैनी और खिरमांडे गणाई सड़क निर्माण का टेंडर निरस्त होने पर भड़के ग्रामीण

कार्यालय संवाददाता



गंगोलीहाट (बेरीनाग)। पव्वाधार नैनी मोटर मार्ग निर्माण ७ किलोमीटर सडक और खिरमांडे गणाई ८ किलोमीटर सडक निर्माण का लोक निर्माण विभाग के द्वारा ६ माह पूर्व टेंडर लगा दिये गये। लेकिन अब लोक निर्माण विभाग बेरीनाग के द्वारा टेंडर निरस्त कर दिये। निरस्त करने की भनक लगते ही ग्रामीण भड़क गये। ग्रामीणों ने सीएम को पत्र भेजा है और १५ दिन के भीतर सडक का निर्माण कार्य शुरू नही होने पर गंगोलीहाट तहसील कार्यालय में धरना प्रदर्शन करने के साथ ही आंदोलन की चेतावनी दी है।

पव्वाधार नैनी मोटर मार्ग संघर्ष समिति के अध्यक्ष शंकर सिंह ने कहा की आंदोलन तीन माह तक आन्दोलन करने के बाद विधानसभा चुनाव से पूर्व अधीक्षण अभियंता लोक निर्माण विभाग पिथौरागढ़ के द्वारा सडक निर्माण के लिए टेंडर लगा दिये गये और विधानसभा चुनाव के बाद सडक का निर्माण कार्य शुरू करने की बात कही थी। कई बार लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को सम्पर्क करने के बाद कभी आचार संहिता और कभी विधानसभा चुनावों के बाद कार्य शुरू करने को कहा गया। पिछले ६माह से टेंडर नही खोला गया। वन विभाग के द्वारा सैद्धांतिक स्वीकृति मिलने के बाद भी लोक निर्माण विभाग के द्वारा धनराशि जमा नही की गयी है। जिससे सडक का निर्माण कार्य नही हो रहा है ग्रामीणों ने भाजपा सरकार पर ठगने का आरोप लगाया। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग की लापरवाही का खामियाजा ग्रामीणों को भुगतान पड रहा है ग्रामीणों ने कहा लम्बे संघर्ष के बाद सडक स्वीकृत हुई और टेंडर लगे और पिछले ६माह से टेंडर भी नही खोल पाये। ग्रामीणों ने लोक निर्माण विभाग के खिलाफ जमकर नारेबाजी और प्रदर्शन किया और कहा कहा १५दिन के बाद फिर आर पार की लडाई लडी जायेगी। प्रदर्शन करने वालो गंगोलीहाट के कनिष्ठ प्रमुख अर्जुन राम गवसाकोटी, क्षेत्र पंचायत सदस्य संजय बिष्ट, क्षेत्र पंचायत सदस्य पव्वाधार कवीता देवी, मोहन सिंह, दान सिंह, सहित आदि मौजूद थे। इधर लोक निर्माण विभाग बेरीनाग के अधिशासी अभियंता पीसी पंत ने बताया की वन विभाग की सडकों में सैद्धांतिक स्वीकृति नहीं मिली है जिस कारण टेंडर निरस्त किये गये और शीघ्र स्वीकृति मिलते ही कार्य शुरू कर दिया जायेगा।

# टांगों में अकड़न होने पर इन एसेंशियल ऑयल्स का करें इस्तेमाल

टांगों में अकड़न होना एक कष्टदायक समस्या है, जिसे नजरअंदाज करना थोड़ा मुश्किल है क्योंकि इसके कारण चलने-फिरने में काफी दिक्कत होने लगती है। अगर आपको कभी भी किसी कारणवश ऐसी समस्या हो तो तुरंत डॉक्टर से मिले और उनकी बताई दवाओं के सेवन के साथ कुछ एसेंशियल ऑयल्स का इस्तेमाल करें। आइए आज हम आपको कुछ ऐसे एसेंशियल ऑयल्स के बारे में बताते हैं, जिनके इस्तेमाल से टांगों की अकड़न जल्द दूर होगी।

टांगों की अकड़न से राहत पाने के लिए जिंजर एसेंशियल ऑयल का इस्तेमाल करना लाभदायक साबित हो सकता है। समस्या से राहत पाने के लिए सबसे पहले एक मुलायम तौलिए को गर्म पानी (ध्यान रखें कि पानी ज्यादा गर्म न हो) में भिगोएं, फिर इसे निचोड़कर इस पर दो-तीन बूंद जिंजर ऑयल की डालें। इसके बाद तौलिए को दर्द से प्रभावित टांग पर लपेटें और जब तौलिया ठंडा हो जाए तो फिर से इसे पानी से भिगोकर पैर पर लगाएं।

पेपरमिंट ऑयल यानी पुदीने के तेल का इस्तेमाल करने से भी टांगों की अकड़न दूर हो सकती है। पुदीने के तेल में कई ऐसे गुण मौजूद होते हैं, जो टांगों को अकड़न से आराम दिला सकते हैं। राहत के लिए पुदीने के तेल की कुछ बूंदें दर्द से प्रभावित टांग पर लगाकर हल्के हाथों से मालिश करें। इसके अलावा, आप चाहें तो पानी में पुदीने के तेल की कुछ बूंदें मिलाकर नहा भी सकते हैं। इससे भी आपको आराम मिलेगा।

अगर मांसपेशियों में खिंचाव के कारण किसी टांग में अकड़न हो तो इससे राहत पाने के लिए आप लैवेंडर ऑयल का इस्तेमाल कर सकते हैं। लैवेंडर के तेल में मौजूद एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण प्रभावित टांग की मांसपेशियों को आराम देने में मदद कर सकते हैं। इसके लिए लैवेंडर ऑयल की कुछ बूंदें अकड़न से प्रभावित टांग पर लगाएं, फिर हल्के हाथों से मसाज करें। बेहतर परिणाम के लिए दिन में दो बार इस प्रक्रिया को दोहराएं। (आरएनएस)

# कुछ मिनटों में बनाएं चॉकलेट डेजर्ट

चॉकलेट का नाम सुनते ही मुंह में पानी आ गया न! यह होना तो लाजमी है क्योंकि इसका स्वाद ही इतना बेमिसाल होता है कि बच्चों से लेकर बड़ों तक हर कोई इसका शौकीन है। अगर आपका परिवार भी चॉकलेट का बहुत बड़ा फैन है तो आप उनके लिए घर पर बड़ी आसानी से कुछ ही मिनटों में तरह-तरह के स्वादिष्ट चॉकलेट डेजर्ट बना सकते हैं। चलिए फिर आज हम आपको कुछ चॉकलेट डेजर्ट की रेसिपी बताते करते हैं।

**चॉकलेट मूस :** सबसे पहले डबल बॉयलर विधि का उपयोग करके एक कटोरे में चॉकलेट, मक्खन, एक चुटकी नमक और कॉफी को पिघलाएं, फिर एक स्पैटुला से सभी सामग्रियों को अच्छे से मिलाएं। अब इस मिश्रण को कमरे के तापमान पर ठंडा होने दें। अब एक कटोरे में वनिला क्रीम और को फेंटें, फिर इसमें चॉकलेट वाला मिश्रण डालकर अच्छे से मिलाएं। इसके बाद मिश्रण को एक छोटे कंटेनर में डालकर फ्रिज में रख दें, फिर कुछ घंटे बाद इसका सेवन करें।

**नो बेक चीज़केक :** सबसे पहले ओरियो बिस्कुट को क्रश करके पिघले हुए मक्खन के साथ मिलाएं। अब इस मिश्रण को एक स्प्रिंगफॉर्म पैन में डालकर दबाते हुए फैलाएं और इसे फ्रिज में रखें। इसके बाद एक कटोरे में क्रीम चीज़, चीनी और वनीला एसेंस को फेंटें, फिर इसमें पिघली हुई चॉकलेट मिलाएं। अंत में स्प्रिंगफॉर्म पैन को फ्रिज से बाहर निकालकर उसमें क्रीम चीज़ वाला मिश्रण डालें और दोबारा इसे कुछ देर के लिए फ्रिज में रखें। इसके बाद केक का आनंद लें।

# पांखू में 21 जून को होगी ओपन मिनी मैराथन प्रतियोगिता

कार्यालय संवाददाता

बेरीनाग। २१ जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर पुंगराऊं घाटी खेल प्रोत्साहन समिति पांखू के तत्वावधान में ७ वीं प्राइज मनी मैराथन दौड़ प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा हैं। यह प्रतियोगिता अंडर १४ बालक और बालिका वर्ग में आयोजित की जा रही हैं।इसी के साथ इन दोनो वर्ग की एकल ओपन बैडमिंटन चौम्पियनशिप प्रतिगोगिता का आयोजन २० जून से प्रारंभ किया जा रहा हैं।खेल प्रोत्साहन समिति के अध्यक्ष और कोच प्रवीण सिंह कार्की ने बताया मिनी मैराथन बालक वर्ग में सात किमी और बालिका वर्ग में ५ किमी दूरी निर्धारित की गई हैं।समिति के सचिव बंशीधर जोशी ने बताया गया दोनों प्रतियोगिता के लिए रजिस्ट्रेशन शुल्क १०० रुपया निर्धारित किया गया हैं।उन्होंने सभी प्रतिभागी खिलाड़ी को १६ जून तक अपना रजिस्ट्रेशन अवश्य करने की अपील की हैं।

## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

—प्रबंधक विज्ञापन

# हाथों की ड्रायनेस दूर करेंगे, ये हैंड स्क्रब्स



हाथ धोना एक अच्छी आदत है और कोरोना महामारी ने तो इस बात को और अच्छी तरह से समझा दिया है। बार-बार हाथ धोने से जर्म्स और बैक्टीरिया भले ही खत्म हो जाएं लेकिन इससे हाथ भी बहुत ज्यादा रूखे हो जाते हैं। जिससे बहुत इरीटेशन होती है। तो हाथों की ड्रायनेस दूर करने से लेकर उनकी गहराई से सफाई और नमी बनाए रखने के लिए इन हैंड स्क्रब्स का करें इस्तेमाल।

1. नींबू और चीनी

नींबू और चीनी के स्क्रब के फायदे कई मायनों में अद्भुत हैं। नींबू में विटामिन सी का एक प्राकृतिक स्त्रोत है। चीनी एक प्राकृतिक एक्सफोलिएटर है जो डेड स्किन सेल्स को आसानी से हटा देता है।

पैक बनाने के लिए सामग्री

85 ग्राम चीनी, 32 ग्राम नारियल या जैतून का तेल, 1 नींबू का रस

विधि

*एक कटोरी में चीनी और नींबू का रस मिलाएं।

*इस मिश्रण को हाथों पर लगाएं और हल्के हाथों से मसाज करते हुए रगड़ें।

*अब पानी से धोकर हैंड क्रीम लगाएं।

2. एवॉकाडो हैंड मास्क

एवॉकाडो बायोटिन का स्त्रोत है, जो शुष्क त्वचा और नाखूनों को नर्म बनाने में मदद करता है। दही में लैक्टिक एसिड होता है, जो हाइड्रेट और एक्सफोलिएट करता है जबकि ऑलिव ऑयल कंडिशनिंग करता है।



पैक बनाने के लिए सामग्री

1 पका हुआ एवॉकाडो, 2 टेबलस्पून रॉ शहद, 1 टेबलस्पून जैतून का तेल, 2 टीस्पून दही

विधि

*एक ब्लेंडर में सारी चीज़ों को ब्लेंड कर लें।

*इस मिश्रण को हाथों पर लगाएं। इस पैक को लगाने के बाद 10-20 मिनट के लिए ग्लव्स पहनकर छोड़ दें। धो लें और फिर हैंड क्रीम लगाएं।

3. दलिया और एलोवेरा

दलिया, नारियल तेल और एलोवेरा जेल का मिश्रण त्वचा के लिए एक मॉयस्चराइजिंग के तौर पर काम करता है। इसे हाथों के लिए बेस्ट एक्सफोलिएटर माना जाता है।

पैक बनाने के लिए सामग्री

ग्राम दलिया, ग्राम मोटा समुद्री नमक, ग्राम नारियल तेल, टेबलस्पून एलोवेरा जेल

विधि

*एक बोल में सारी चीजें मिलाएं।

*हाथों पर लगाएं और 2-3 मिनट के लिए सर्कुलर मोशन में धीरे से स्क्रबिंग करें।

*नॉर्मल पानी से धो लें और फिर मॉयस्चराइजर लगा लें।

4. कोकोनट ऑयल

नारियल का तेल अपने एंटीऑक्सीडेंट गुणों के लिए जाना जाता है, जो त्वचा के प्राकृतिक पीएच स्तर को सुधारने में सहायक होता है। इसके रोजाना इस्तेमाल का असर आपको कुछ ही समय में नजर आने लगेगा।

पैक बनाने के लिए सामग्री

1 चम्मच ऑर्गेनिक नारियल तेल, 1 टेबलस्पून नारियल का बुरादा

विधि

*तेल में नारियल का बुरादा मिलाकर हाथों और क्यूटिकल्स पर रगड़ें।

*लगाने के बाद हाथों को तौलिए या किसी कपड़े से लपेट लें और पांच मिनट रखें।

*फिर हैंड वॉश कर लें और क्रीम लगा लें। (आरएनएस)

## शब्द सामर्थ्य -063


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. तकलीफ, कष्ट, कठिनाई, परेशानी 3. सरल, सहज 6. ज्ञान प्राप्त करना, शिक्षा लेना 7. विवश, लाचार 8. अत्यधिक ठंडा, सुस्त 9. अच्छे ढंग में गाया जाने वाला सुंदर गीत 11. सूर्य, सूरज 13. वस्त्र आदि धारण कराना 15. अप्रसन्न, नाखुश 16. खिंचाव, आकर्षण शक्ति (उ.) 18. एक रंग, आसमानी रंग 22. सेवा-सत्कार, आवभगत 23. सर्प, सांप, लकड़ी आदि की मूर्ति बनाना।

**ऊपर से नीचे**

1. ह्रदर, उर 2. शिष्टता, भद्रता, विवेक (उ.) 3. अंततः, अंततोगत्वा 4. अच्छी शिक्षा, नेक सलाह 5. आवागमन, गमनागमन 7. पुरुष 8. घोड़े की तेज चाल, तेज गति की दौड़ 10. लूटपाट, डकैती 12. बबार्दी, तबाही 14. नासिका, श्वसनइंद्रीय 17. आखेटक, अरेही 19. योग्य, काबिल 20. कामदेव की पत्नी, प्रेम, आनंद 21. रात्रि, निशा।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 62 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| चु | स्त | | मु | | सं | स्था | न | |
| ग | | म | र्दा | न | गी | | त | म |
| ली | प | ना | | | त | न | | |
| | ना | ना | | | | | ज | |
| मा | ह | | रा | | सा | ज | न | |
| न | | स | ह | दे | व | | म | द |
| व | | म | | व | न | ज | | ल |
| ता | क | त | व | र | | मी | | द |
| | ल | ल | क | | क | र | त | ल |

## फ़िल्म 'जुग जुग जियो' का एक और नया गाना हुआ रिलीज़, वरुण और कियारा की रोमांटिक केमिस्ट्री ने लूटा दिल

वरुण धवन, कियारा आडवाणी, नीतू कपूर और अनिल कपूर अभिनीत फिल्म जुग जुग जियो लगातार सुखियाँ बटोर रहा है तो वहीं फैंस इस फ़िल्म का बेसब्री से इंतजार है। फिल्म के ट्रेलर की बात करें तो ये एक फैमिली ड्रामा औ जबरदस्त कॉमेडी फ़िल्म है जिसमें हमें सारे इमोशन्स देखने को मिलेंगे जो फैंस के उत्साह को और बढ़ा रहें है। अब ट्रेलर के बाद जुग जुग जियो के गाने भी रिलीज हो रहे हैं। फिल्म का एक नया गाना रंगसारी रिलीज हो गया है। इस गाने में वरुण धवन और कियारा आडवाणी की रोमांटिक केमिस्ट्री पलके तक झपकने नहीं दे रही है। आपको बता दे कि गाना आज ही रिलीज़ हुआ है जिसे 3 लाख से ऊपर व्यूज मिल चुके हैं।

ये पहली बार नहीं है जिसमें हमें वरुण और कियारा साथ में नज़र आ रहे हैं आपको बता दें कि इससे पहले भी वरुण धवन और कियारा आडवाणी कई फिल्मों में नजर आ चुके हैं। लेकिन इस बार फ़िल्म में लोग ज्यादातर वरुण और कियारा को देखने के लिए बेताब है वहीं जुग जुग जियो में उनकी केमिस्ट्री देखने लायक है। रंगसारी गाने में उनकी जोड़ी ने तो फैंस का दिल ही लूट लिया है। गाने कि बात करें तो कनिष्क सेठ और कविता सेठ ने इस गाने में अपनी आवाज दी है। ये फिल्म का एक रोमांटिक ट्रैक है। आपको बता दें जुग जुग जियो फिल्म में वरुण और कियारा पति पत्नी के किरदार में नजर आएंगे। शादी, समझौते और तलाक के इर्द-गिर्द ये फिल्म घूमती नजर आएगी।

आपको बता दें की फ़िल्म जुग जुग जियो के निर्माताओं ने पहले 'नाच पंजाबन' सांग को रिलीज़ किया था जिसे लोगों ने बेहद पंसद किया है। इसके आलावा करण जौहर के प्रोडक्शन तले बनी इस फिल्म का निर्देशन राज मेहता ने किया है।

आपको बता दें कोरोना और लॉकडाउन के चलते फिल्म की शूटिंग में काफी समय लग गया था। अब इस बीच करण की बर्थडे पार्टी में शो के कई सितारे कोविड पॉजिटिव भी हुए। लेकिन फिल्म निर्माताओं ने इसे 24 जून 2022 को बड़े पर्दे पर रिलीज़ करने की जानकारी दी है।

## सोनू सूद ने लॉन्च किया सोशल मीडिया ऐप एक्सप्लर्जर

बॉलीवुड अभिनेता और परोपकारी कार्य करने वाले सोनू सूद ने जितिन भाटिया के साथ मिलकर एआई समर्थित सहज सोशल मीडिया ऐप एक्सप्लर्जर को लॉन्च किया है। पूरी तरह से भारत में बना सोशल मीडिया एप एंड्रॉयड और आईओएस डिवाइस पर उपलब्ध है जो यूजर्स को वैश्विक अनुभव अनुभव प्रदान करते हुए साझा करने, कनेक्ट करने, चैट करने और नए दोस्त बनाने में मदद करता है।

आप सभी इस ऐप में अपना एक अकाउंट बना सकते हैं। लॉन्च के अवसर पर इस ऐप के सह संस्थापक सोनू सूद ने कहा कि नई जगह की खोज करना मेरा जुनून है इसलिए यह एक मूल रूप से नई जगह पर जाने और उसे अपने दोस्तों और परिवारों के साथ साझा करने के इसी जुनून एवं प्रेम की वजह से अस्तित्व में आया।

इस ऐप को विकसित करने के लिए ऐप के संस्थापक जितिन के साथ जुड़ना मेरे लिए एक नई यात्रा के समान है और मैं इस ऐप के माध्यम से भारत को वैश्विक मानचित्र पर लाने के लिए बेहद उत्साहित हूं।

## दलित कहानियों के लिए सिनेमा सबसे शक्तिशाली माध्यम हैःएमिली शाहः


अभय देओल के साथ फिल्म जंगल क्राई में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाली भारतीय अमेरिकी अभिनेत्री एमिली शाह का कहना है कि गुमनाम नायकों और दलितों की कहानियों को सामने लाने के लिए सिनेमा सबसे शक्तिशाली माध्यम है।

फिल्म जंगल क्राई की कहानी ओडिशा के युवा लड़कों के एक समूह की सच्ची कहानी पर आधारित है, द जंगल कैट्स ऑफ इंडिया, जिसने चार महीने के भीतर रग्बी के खेल में महारत हासिल कर ली और 2007 के अंडर -14 रग्बी विश्व कप जीता। यह पूछे जाने पर कि उन्हें ऐसा क्यों लगा कि उन्हें फिल्म का हिस्सा बनना है, एमिली ने बताया कि मैं अमेरिका में रही हूं, इसलिए जब मैंने कहानी सुनी तो मैं इन युवा लड़कों की उपलब्धि के बारे में जानकर हैरान रह गई, लेकिन कोई भी इनके बारे में बात नहीं कर रहा था।

उन्होंने कहा कि बाद में, मुझे एहसास हुआ कि कई भारतीय इन लड़कों की उपलब्धि से अवगत नहीं हैं, शायद इसलिए कि यह मुख्यधारा के मीडिया द्वारा किसी का ध्यान नहीं गया। एमिली ने कहा कि उसने महसूस किया कि कभी-कभी, केवल सिनेमा के माध्यम से हम लोगों को दलितों की कहानियों का जश्न मनाने के लिए एक साथ ला सकते हैं। भारत और दुनिया भर में सिनेमा शक्तिशाली माध्यम है। मेरे लिए कहानी का हिस्सा बनने के लिए यही पर्याप्त कारण था। फिल्म में वह भारतीय टीम की मैनेजर रोशनी का किरदार निभा रही हैं।

अपने सह-अभिनेता, अभय देओल पर, एमिली ने कहा कि मुझे लगता है कि वह किसी भी अभिनेता के लिए सबसे अच्छे सहयोगी है, साथ ही, उनका अभिनय बहुत वास्तविक, सूक्ष्म और प्रभावशाली है। हमने शूटिंग के दौरान बहुत अच्छा समय बिताया। जंगल क्राई 3 जून को लायंसगेट प्ले ऐप पर रिलीज हुई थी।

# शाहिद कपूर जर्सी को ओटीटी पर नए दर्शक मिलने से खुश हैं




बॉलीवुड अभिनेता शाहिद कपूर अपनी पिछली रिलीज फिल्म जर्सी को दुनियाभर में ओटीटी दर्शकों द्वारा खूब पसंद किए जाने से खुश हैं। यह फिल्म शुरू में 22 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी और आखिरकार इसे 2० मई को नेटफ्लिक्स पर रिलीज किया गया था। नेटफ्लिक्स पर फिल्म रिलीज होने के बाद से जर्सी के साथ गंगूबाई काठियावाड़ी, आरआरआर और जन गण मन नेटफ्लिक्स की शीर्ष 1० गैर-अंग्रेजी फिल्मों के चार्ट में सबसे ऊपर है।

जर्सी को मिले प्यार के बारे में बात करते हुए शाहिद ने साझा किया, जर्सी एक विशेष फिल्म है और मुझे खुशी है कि इसे नेटफ्लिक्स पर अपना घर मिला। यह देखकर बहुत अच्छा लगा कि दुनियाभर के दर्शक अभी भी इस फिल्म को देख रहे हैं और इसे अपना प्यार दे रहे हैं, जिसकी वह हकदार है। लॉन्च के लगभग दिन बाद भी यह फिल्म दुनिया भर में ट्रेंड कर रही है, मैं इस जबरदस्त प्रतिक्रिया को देखकर बहुत उत्साहित हूं।

जन गण मन को मिली सराहना के बारे में बात करते हुए निर्देशक सईद जोस एंटनी ने साझा किया, जन गण मन के निर्देशक के रूप में यह देखना बहुत अच्छा है कि मलयालम सिनेमा की एक भारतीय फिल्म को दर्शकों द्वारा देखे और पसंद किए जाने का एक पलेटफॉर्म मिला है। दुनियाभर में और नेटफ्लिक्स पर यह विश्व स्तर पर गैर-अंग्रेजी फिल्मों में हैश8 पर ट्रेंड कर रही है।

उन्होंने कहा, मैं इस खूबसूरत कहानी को जीवंत करने के लिए निर्माताओं, कलाकारों और क्रू का आभारी हूं। इस कहानी को विश्व स्तर पर दर्शकों के साथ गूंजते हुए देखना वास्तव में एक अद्भुत एहसास है। जैसा कि फिल्म में कहा गया है, यह अंत नहीं है, यह सिर्फ शुरुआत है।

# मुंबई में हुआ फिल्म रिक्वेस्ट फ्रॉम डेविल का प्रीमियर

बी आर एस फ़िल्म एंटरटेनमेंट प्रस्तुत हिंदी फिल्म रिक्वेस्ट फ्रॉम डेविल का ग्रैंड प्रीमियर लोटस स्टूडियो मुंबई में हुआ, जहां फ़िल्म की पूरी कास्ट के साथ बॉलीवुड के कई नामीगिरामी हस्तियां और मीडिया के लोग मौजूद रहे। सबों ने फ़िल्म के बाद इसकी तारीफ की और कहा कि यह अलग ही तरह की फ़िल्म है।

इसे दर्शक खूब पसंद भी करेंगे। इसमें डर और डेविल के साथ परिवार की मजबूती का बेजोड़ चित्रण हुआ है। फ़िल्म के निर्देशक और लेखक जावेद हाशमी हैं, जबकि इस फ़िल्म का निर्माण राधेश्याम बी गौड़ व आर पी फिल्म्स विजिन द्वारा किया गया है। यह फ़िल्म जल्द ही रिलीज भी होने वाली है। उससे पहले फ़िल्म का प्रीमियर रखा गया।

फ़िल्म के प्रीमियर के बाद अमएकर प्रसाद ठाकुर, सनम पठान और सोनल सिंह ने पत्रकारों से बातचीत की। इस मौके पर उन्होंने कहा कि हमारी फ़िल्म का जॉनर हॉरर है, लेकिन इस फ़िल्म में रिश्तों की मजबूती को हमने ध्यान से दिखाया है। मुश्किल हालात में रिश्तों की गहराई बढ़ती है। वो इस फ़िल्म में देखने को मिलेगी।

दोस्ती भी , कॉलेज की मस्ती भी और जिन्हें हॉरर फिल्में पसंद हैं, उन्हें हॉरर कंटेंट भी जम कर देखने को मिलेगा। रोंगटे खड़े हो जाएंगे। इस फ़िल्म के गीत - संगीत भी अच्छे हैं। डायलॉग भी आपको खूब पसंद आने वाले हैं, इसलिए आप सभी हमारी फ़िल्म को जरूर देखें।

आपको बता दें कि हॉरर जॉनर की फिल्म रिक्वेस्ट फ्रॉम डेविल के निर्माता राधेश्याम गौड़, बलराम विश्वकर्मा और रघुनन्दन शाह हैं जबकि को - प्रोड्यूसर रघुनंदन साह हैं। असिस्टेंट डायरेक्टर रोबिन चौधरी हैं। फ़िल्म अमिएकर प्रकाश ठाकुर, रोबिन चौधरी, रवि पावेल, रामा यादव, पूजा विश्वकर्मा, सनम पठान, दिव्या शर्मा, आलिया खान और सुमन सिंह मुख्य भूमिका में हैं।

म्यूजिक अमजद बांगड़वा और एस के एस का है। लिरिक्स निरंजन भारद्वाज, अमिएकर प्रकाश ठाकुर का है। डीओपी सन्नी शर्मा हैं। पीआरओ संजय भूषण पटियाला हैं। कोरियोग्राफर संजय सुमन हैं। एक्शन अली अंसारी हैं।

# त्रिकोणीय मुकाबले से हटे टाइगर श्रॉफ



टाइगर श्रॉफ इन दिनों अपनी असफल फिल्म हीरोपंती-2 के बाद काफी सजग नजर आ रहे हैं। वे अपना हर कदम सोच समझ कर उठा रहे हैं। गत 29 अप्रैल को प्रदर्शित हुई हीरोपंती-2 बॉक्स ऑफिस पर त्रिकोणीय मुकाबले में बुरी तरह से पस्त हो गई थी। हालांकि फिल्म ने पहले दिन 8 करोड़ की ओपनिंग ली थी लेकिन बाद में फिल्म फुस्स हो गई। इस फिल्म के साथ ही अजय देवगन की रनवे 34 भी आई थी, उसका भी बॉक्स ऑफिस पर यही हाल हुआ था। कारण था केजीएफ-2 का तूफान जिसने अपने सामने किसी फिल्म को टकने नहीं दिया था। हालांकि जब यह दोनों फिल्में रिलीज हुई तब केजीएफ-2 अपने 3रे सप्ताह में प्रवेश कर चुकी थी।

इन दिनों टाइगर श्रॉफ अपनी अगली फिल्म गणपत की तैयारियों में लगे हुए हैं। इस फिल्म में उनके साथ कृति सेनन भी होंगी। ये फिल्म क्रिसमस के मौके पर 23 दिसंबर को रिलीज हो रही है। टाइगर की पिछली फिल्म हीरोपंति 2 बड़े पर्दे पर बुरी तरह से फ्लॉप हुई थी। इसलिए मेकर्स उनकी अगली फिल्म के साथ कोई रिस्क नहीं लेना चाहते और इसलिए फिल्म की रिलीज डेट पोस्टपोन करने की बात सामने आई है। दरअसल 23 दिसंबर को ही रणवीर सिंह की फिल्म सर्कस रिलीज हो रही है जिसे रोहित शेट्टी ने डायरेक्ट किया है। इससे एक हफ्ते पहले हॉलीवुड फिल्म अवतार-2 भी 16 दिसंबर को रिलीज होगी।

प्राप्त समाचारों के अनुसार टाइगर की फिल्म गणपत में वीएफएक्स का काम बाकी है और उम्मीद कम है कि फिल्म का काम टाइम पर पूरा हो पाएगा। लेकिन इस फिल्म की प्रदर्शन तिथि में बदलाव का जो कारण बताया जा रहा है वो यह है कि निर्माता अपनी फिल्म को सैंडविच नहीं बनाना चाहते। निर्माता नहीं चाहते कि लोग तीन तीन फिल्मों के बीच कंफ्यूज हों। अभी तक गणपत की नई तारीख के बारे में सोचा नहीं गया है। उम्मीद की जा रही है कि अब इसे आगामी वर्ष होली के अवसर पर प्रदर्शित किया जाएगा।

टाइगर की हीरोपंती 29 अप्रैल को रिलीज हुई थी। इसी के साथ ही अजय देवगन की रनवे 34 भी रिलीज हुई थी। इससे पहले बड़े पर्दे पर यश की फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 धमाल मचा रही थी। इसी में टाइगर की फिल्म दब गई। हालांकि अजय देवगन की फिल्म भी कुछ कमाल नहीं कर पाई।

टाइगर की आने वाली फिल्मों की बात करें तो वो गणपत के अलावा वॉर 2, बागी 4 और रैंबो नाम की भी फिल्में हैं।

# सेवा, समर्पण, कल्याण के भाव से सामाजिक न्याय की सिद्धि

डॉ. रमन सिंह

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन की सरकार ने 8 वर्ष पूर्ण कर लिए हैं। इस सरकार का आरंभिक मूल मंत्र रहा, सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास और सबका प्रयास। इन आठ वर्षों में केंद्र सरकार ने देश के प्रत्येक वर्ग, क्षेत्र और समाज को सशक्त बनाने की दिशा में बुनियादी कार्य किए हैं और उनके विकास को सुनिश्चित किया है। 2014 में प्रधानमंत्री की जिम्मेदारी सम्हालने के बाद नरेंद्र मोदी जी ने अपनी हर नीति निर्माण और उसके क्रियान्वयन में देश 'प्रथम' के संकल्प पर कायम रहे हैं। पहले जिन मसलों को सुलझाना असंभव माना जाता था, उन्हें संवैधानिक प्रक्रिया से आसानी से सुलझा लेना भी मोदी सरकार के बेमिसाल आठ साल की बड़ी उपलब्धि रही है।

वैसे तो मोदी सरकार ने नारी शक्ति को सशक्त करने से लेकर युवाओं को आत्मनिर्भर बनाने और डिजिटल इंडिया से गरीब कल्याण तक हर वर्ग के उत्थान के लिए संचालित किया है जिसके सार्थक परिणाम भी देखने को मिल रहा है। भारत अभी भी गांव में बसता है, वन क्षेत्रों में रहने वाले जनजातीय समुदाय और ग्राम समाज अभी भी अपनी आजीविका के लिए कृषि और वनोपज पर निर्भर है। कृषि क्षेत्र में सुधार की दृष्टि पूर्व की सरकारों की नहीं रही, तभी तो देश की पहली कृषि नीति पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपयी जी के कार्यकाल में वर्ष 2000 में बनी। उनके सपनों को आगे बढ़ाने के लिए 2014 के बाद नरेंद्र मोदी की सरकार ने एक संकल्प लिया, जिसमें एक ओर कृषि लागत को कम करने के लिए योजनाएं संचालित की जा रही है, वहीं दूसरी ओर किसानों की उपज का अधिकाधिक मूल्य दिलाने के लिए स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू किया गया है। लागत के ढाई गुना समर्थन मूल्य देने का निर्णय लिया गया और 2014 में धान का समर्थन मूल्य ?1460 था जो 2022 में ?1940 हो चुका है। पिछले छह वर्षों में धान के न्यूनतम समर्थन मूल्य में 43 प्रतिशत की वृद्धि की गई है।

मोदी सरकार लगातार किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य लेकर काम कर रही है, इसके तहत खेती में लागत कम करने के प्रयास किए जा रहे, जैसे मृदा स्वास्थ्य कार्ड जारी कर आवश्यकतानुसार खाद के उपयोग करने की प्रेरणा किसानों को दी जा रही है। प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के माध्यम से एक न्यूनतम ? 6,000 प्रतिवर्ष किसानों के खाते में नकद हस्तांतरित किया जा रहा है। मोदी सरकार कृषि क्षेत्र में बीज से लेकर बाजार तक किसानों के साथ खड़ी है। किसानों को राष्ट्रीय स्तर पर बाजारों से जोड़ा गया है ताकि उपज का बेहतर मूल्य मिले, मेगा फूड पार्क की स्थापना पर बल दिया गया है, 2014 में मात्र 2 मेगा फूड पार्क थे जो 2022 में बढ़कर 22 हो गए हैं। किसानों की आय बढ़ाने, बंजर भूमि पर सोलर पैनल लगाने को प्रोत्साहित किया जा रहा है, दुग्ध और मछली उत्पादन में वृद्धि करने पर फोकस किया जा रहा है। नीली क्रांति को बढ़ावा देने के लिए मछली विभाग की स्थापना की गई है। यह उपाय किसानों को प्रोत्साहित कर रहे हैं जिसका परिणाम अधिक उत्पादन और विदेशों में कृषि उत्पादों के निर्यात में बढ़त के रूप में है।

कृषि के साथ ग्रामीण अर्थव्यवस्था को मजबूत करने के महत्वपूर्ण कदम उठाए गए। योजनाएं और कार्यक्रम तो सरकारें पहले भी बनाती थी लेकिन मोदी सरकार ने योजनाओं को जमीन पर उतारने में जो तत्परता दिखाई, उससे लाभार्थियों का कल्याण हुआ। जनधन योजना के माध्यम से 45 करोड़ से अधिक गरीबों के खाते खोले गए, जिनमें सरकारी योजनाओं की राशि सीधे उनके खातों में डाली गई। इस कदम से भ्रष्ट व्यवस्था को दुरुस्त कर 2020 तक 1.7 लाख करोड़ की राशि की बचत हुई। उज्ज्वला योजना के जरिए माताओं बहनों को रसोई के धुएं से होने वाली श्वांस और आंखों की तकलीफ से राहत देने का काम हुआ। प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना ने 2.3 करोड़ गरीबों को छत देने के साथ सम्मानपूर्वक जीवन जीने का मार्ग प्रशस्त किया। कोविड के संकट काल में जब रोजगार छीन गया, गांव और गरीबों के सामने बड़ी समस्या खड़ी हो गई, मोदी सरकार ने गरीब कल्याण अन्न योजना के माध्यम से 80 करोड़ जरूरतमंदों तक नि:शुल्क अनाज प्रदान किया।

मोदी सरकार की योजनाओं के लाभार्थी ज्यादातर वंचित समाज रहे, प्रधानमंत्री किसान योजना के 63 प्रतिशत लाभार्थी अनुसूचित जाति, जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के किसान रहे। इसी प्रकार 70 प्रतिशत प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना से लाभ प्राप्त करने वाले वंचित समाज के हैं। मोदी सरकार में अन्य पिछड़ा वर्ग आयोग को संवैधानिक दर्जा मिला, पिछड़े वर्ग को मेडिकल शिक्षण संस्थानों में अखिल भारतीय कोटा की सीटों पर आरक्षण कम दिया गया। बना साहेब भीमराव अंबेडकर के नाम पर राजनीति करने वाले तो बहुत मिले लेकिन नरेंद्र मोदी की पिछले आठ सालों के शासनकाल में बाबा साहेब के जीवन से जुड़े प्रमुख पांच स्थलों को पंचतीर्थ बनाकर उनका विकास किया गया। अब जनजातीय समाज के गौरव भगवान बिरसा मुंडा की जयंती को जनजातीय गौरव दिवस के रूप में मानने का निर्णय लिया गया है। भारत जब स्वाधीनता के 75 वर्ष को अमृत महोत्सव के रूप में माना रहा है तो स्वतंत्रता के संघर्ष में अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले सेनानियों शहीदों की स्मृति में संग्रहालयों का निर्माण किया जा रहा है।

जब सरकार कोई नारा देती है तो वह केवल उद्घोष करने के लिए नहीं होते, मोदी सरकार में वे नारे ही शासन के संकल्प हैं जिन्हें सिद्ध करने के लिए पूरी सरकार और प्रशासन तंत्र निरंतर अथक प्रयास कर रहे हैं। मोदी सरकार की देश की सेवा और समर्पण के रास्ते गरीब कल्याण की भावना के साथ अपने संकल्प को सिद्ध करने के आठ वर्षों में देश को नई ऊर्जा, विश्व स्तर पर एक नई पहचान मिली है और जनता में स्वाभिमान की भावना जागी है। सबके प्रयास से भारत को दुनिया का सिरमौर बनाने की दिशा में अग्रसर हैं।

*( पूर्व मुख्यमंत्री, छत्तीसगढ़ शासन एवं राष्ट्रीय उपाध्यक्ष, भारतीय जनता पार्टी ( ये लेखक के अपने विचार हैं)*

## चंडीगढ़ के फैशन इवेंट को लेकर सुर्खियों में आई सोनम बाजवा

चंडीगढ़ ने अपने पहले ब्लेंडर्स प्राइड फैशन नाइट्स की मेजबानी की, जिसमें एक्ट्रेस सोनम बाजवा शो स्टॉपर के रूप में रनवे पर चली। इससे पहले प्रियंका चोपड़ा और मलाइका अरोड़ा इस इवेंट से जुड़ चुकी हैं। सोनम बाजवा ने कहा, मैं इसका हिस्सा बनकर बहुत सम्मानित महसूस कर रही हूं।

मैं इस अवसर के लिए सभी को धन्यवाद देती हूं। ब्लेंडर्स प्राइड फैशन नाइट्स एक अनूठी यात्रा है, जो फैशन और शैली के जरिए हर एक शहर की खासियत दर्शाती है।

बाजवा ने कहा, मुझे लगता है कि चंडीगढ़ एक अच्छा उदाहरण है, जो आधुनिक और पारंपरिक का एक आदर्श है। कभी-कभी जब मैं यहां मॉल में आती हूं, तो मैं महिलाओं और पुरुषों को पारंपरिक कपड़े पहने हुए देखती हूं। उनमें भरपूर आत्मविश्वास होता है। दूसरी ओर, कई लोग वेस्टर्न स्टाइल जैसे जींस और शर्ट को चुनते हैं।

एक्ट्रेस ने कहा कि वह चंडीगढ़ में पहली बार ऐसा कुछ करने के लिए ब्लेंडर्स प्राइड फैशन नाइट्स को बधाई देती है, यह पहली बार है और बेहद खास है।

बाजवा ने कहा कि चंडीगढ़ हमेशा देश में मेरे पसंदीदा शहरों में से एक रहा है। यह इतिहास और आधुनिक समय का एक सुंदर मेल है। आज, इसकी जीवंत संस्कृति और उदार विरासत को डिजाइनर सिद्धार्थ बंसल अपने डिजाइनों के जरिए प्रदर्शित कर रहे हैं।

## सू- दोकू क्र.63

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.62 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

## लाल सिंह चड्ढा पर टॉम हैंक्स की प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हैं आमिर



जल्द ही बहुचर्चित फिल्म लाल सिंह चड्ढा में नजर आने वाले हिंदी फिल्म अभिनेता आमिर खान का कहना है कि वह अपनी फिल्म पर हॉलीवुड स्टार टॉम हैंक्स की प्रतिष्ठित फिल्म फॉरेस्ट गंप के बॉलीवुड रूपांतरण पर प्रतिक्रिया देखने के लिए उत्सुक हैं।

आमिर कहते हैं, फॉरेस्ट गंप एक प्रतिष्ठित फिल्म है। मैं यह देखने के लिए बहुत उत्सुक हूं कि फिल्म देखने के बाद टॉम हैंक्स कैसे प्रतिक्रिया देते हैं। वह एक शानदार अभिनेता हैं।

दिलचस्प बात यह है कि आमिर खान एक बार स्टीवन स्पीलबर्ग से मुलाकात के दौरान टॉम हैंक्स से मिले थे।

स्पीलबर्ग ने आमिर को हैंक्स से मिलवाया और उन्हें भारत के जेम्स कैमरून के रूप में संदर्भित किया।

आमिर खान प्रोडक्शंस, किरण राव और वायकॉम 18 स्टूडियो द्वारा निर्मित लाल सिंह चड्ढा में करीना कपूर खान, मोना सिंह और चैतन्य अक्किनेनी भी हैं।

## पाकिस्तान के तीन टुकड़े ?

वेद प्रताप वैदिक

पाकिस्तान के सत्तारुढ़ और विपक्षी नेताओं में इस बात को लेकर वाग्युद्ध चल पड़ा है कि क्या पाकिस्तान के तीन टुकड़े हो जाएंगे? इमरान खान ने एक साक्षात्कार में कह दिया कि अगर फौज ने सावधानी नहीं बरती तो पाकिस्तान के तीन टुकड़े हो सकते हैं। उनका अभिप्राय यह था कि शाहबाज़ शरीफ प्रधानमंत्री के तौर पर कामयाब नहीं हो पा रहे हैं।

जिस फौज ने इमरान खान को सत्ता से धकियाया, उसी फौज से वे पाकिस्तान को बचाने का अनुरोध कर रहे हैं। इमरान के बयान पर पूर्व राष्ट्रपति आसिफ जरदारी ने कहा कि वे नरेंद्र मोदी की भाषा बोल रहे हैं। शाहबाज शरीफ आजकल तुर्की में हैं। वे कह रहे हैं कि मैं देश के बिगड़े हुए हालात को काबू करने के लिए बाहर दौड़ रहा हूं और इमरान गलतबयानी करके कह रहे हैं कि पाकिस्तान का हाल सीरिया और अफगानिस्तान की तरह हो रहा है।

इमरान ने यह भी कहा है कि पाकिस्तान का खजाना खाली हो गया है। फौज अगर कमजोर पड़ गई तो परमाणु अस्त्र का ब्रह्मास्त्र निरर्थक हो जाएगा। ऐसी हालत में अमेरिका और भारत मिलकर कब पाकिस्तान के टुकड़े कर देंगे, कुछ पता नहीं। इमरान को अगला चुनाव जीतना है। इस लक्ष्य को पाने के लिए यह जरुरी है कि वह अमेरिका और भारत को कोसें। लेकिन जहां तक पाकिस्तान के तीन टुकड़े होने का सवाल है, सच्चाई तो यह है कि उसके तीन नहीं, चार टुकड़े करने की मांग बरसों से हो रही है। जब केंद्र की सरकार थोड़ी कमजोर दिखाई पड़ती हैं तो पाकिस्तान के टुकड़ों की मांग जोर पकड़ने लगती है। ये चार टुकड़े हैं- पख्तूनिस्तान, बलूचिस्तान, सिंध और पंजाब! पंजाब सबसे अधिक शक्तिशाली, संपन्न, बहुसंख्यक और शासन में आगे है। इन प्रांतों के अलगाववादी नेताओं से पाकिस्तान में मेरी कई बार मुलाकातें हुई हैं।

कई पठान, बलूच और सिंधी नेता इस तरह की बाते करते रहते है। पर पाकिस्तान के तीन या चार टुकड़े होना न उनके लिए फायदेमंद है, न भारत के लिए। अभी तो भारत को सिर्फ एक पाकिस्तान से व्यवहार करना पड़ता है। फिर चार-चार पाकिस्तानों से करना पड़ेगा और यह भी देखना पड़ेगा कि आपसी दंगलों की आग कहीं भारत को न झेलनी पड़ जाए।

भारत को मध्य एशिया और यूरोप के रास्तों की भी किल्लत बढ़ जाएगी। इसके अलावा इन सब छोटे-मोटे देशों की आर्थिक स्थिति बिगड़ती चली जाएगी, जिसका बोझ भी आखिरकार भारत को ही सम्हालना पड़ेगा। इसके अलावा स्वयं पाकिस्तान एक कमजोर और भूवेष्टित देश बन जाएगा। भारत तो चाहता है कि उसके सारे पड़ौसी देश संपन्न और सुरक्षित रहें। वे टूटे नहीं, बल्कि एक-दूसरे के साथ जुड़ते चले जाएं।

# भाकियू का बिजली विभाग कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना



नगर संवाददाता

हरिद्वार। बिजली विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की कार्यशैली पर भ्रष्टाचार का आरोप लगाते हुए भारतीय किसान यूनियन (पदम सिंह रोड गुट) ने अधिशासी अभियंता शहरी के कार्यालय पर अनिश्चितकालीन धरना शुरू कर दिया है। किसानों का आरोप है कि जब तक बिजली विभाग से संबंधित समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता तब तक वह धरना समाप्त नहीं करेंगे।

रुड़की स्थित शहरी विकास कार्यालय में धरना प्रदर्शन के दौरान भारतीय किसान यूनियन पदम सिंह रोड गुट के अध्यक्ष पदम सिंह रोड ने कहा कि आज बिजली कटौती सबसे बड़ी समस्या बनी हुई है वही बेहिसाब बिल किसानों का आर्थिक और मानसिक उत्पीड़न कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि यूनियन की मांग है कि किसानों को निशुल्क बिजली दी जाए। इसके साथ ही उन्होंने कहा बिजली विभाग के अधिकारी और कर्मचारियों की कार्यशैली जनता को परेशान करने वाली है। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में ट्रांसफार्मर और जर्जर तारों को बदला नहीं जा रहा है वही तारों को जोड़ने और मीटर चेक आदि के नाम पर किसानों से अवैध वसूली और उत्पीड़न किया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि अधि शासी अभियंता की कार्यशैली जनता के हित में नहीं है कहा कि जब तक किसानों की समस्याओं का समाधान नहीं हो जाता अनिश्चितकालीन धरना जारी रहेगा। इस अवसर पर नाजिम अली, मुबारिक अली, घनश्याम आचार्य, मास्टर महेंद्र सैनी, रामदास, इंदर सिंह रोड, प्रदीप त्यागी, सोनू मूलेवाला, छोटा सैनी, सतवीर रोड, मंजेस रोड, शमीम अहमद, राजबीर रोड, अर्जुन सैनी, दीपक कश्यप सहित कई लोग मौजूद रहे।

## एलटी चयनित अभ्यर्थी का विस कूच, पुलिस ने बैरिकेडिंग पर रोका

देहरादून (आरएनएस)। नियुक्ति की मांग पर सहायक अध्यापक भर्ती परीक्षा में चयनित अभ्यर्थियों ने गुरुवार को विस कूच किया। लेकिन पुलिस ने उन्हें रिस्पना पुल से पहले ही लगाई गई बैरिकेडिंग पर रोक लिया। इसके बाद वे वहीं धरने पर बैठ गए। एलटी चयनित अभ्यर्थी अनुज भट्ट ने बताया कि प्रदेश में सहायक शिक्षकों के १४३१ पदों पर भर्ती की प्रक्रिया २०२० में शुरू की गई थी। जिसके बाद दिसंबर २०२१ में इसका रिजल्ट भी जारी किया गया। लेकिन विवाद के चलते अब तक उनको नियुक्ति नहीं दी गई। जिस कारण सैकड़ों अभ्यर्थी अब तक बेरोजगार घूम रहे हैं। चयनित अभ्यर्थी सरिता बिजल्वान बताया कि अगर सरकार नहीं चेती तो १७ जून से शिक्षा निदेशालय पर अनिश्चित कालीन धरना शुरू किया जाएगा।

## अग्नि वीरों को सरकारी नौकरियों में...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

बहकावे में न आए। उन्हें अग्निवीर के माध्यम से सेना में जाने का एक बेहतर मौका मिल रहा है। अग्नि वीरो में से 25 प्रतिशत युवाओं को सेना में स्थाई कैडर में रखा जाएगा और सेवा मुक्त होने वाले युवाओं के पास भी दूसरी नौकरी का बेहतर अवसर होगा। उन्होंने कहा कि अग्निवीर हर दृष्टिकोण से एक बेहतर मौका है। उन्होंने कहा कि भारत को विश्व गुरु बनने में यह योजना अहम भूमिका निभाईगी। इस अवसर पर मुख्यमंत्री के साथ तमाम बड़े अधिकारी भी मौजूद थे।

## अग्निपथ' पर युवा आगबबूला..

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

कि सरकार पूर्व की भांति सेना में भर्ती करें तथा अग्नीपथ योजना को वापस लिया जाए

इस योजना का राज्य में आज व्यापक विरोध देखने को मिला कुमाऊं मंडल के 6 शहरों में युवाओं ने इसके खिलाफ प्रदर्शन किए। सड़कों पर उतरे इन युवाओं पर पुलिस ने लाठी चार्ज किया पिथौरागढ़ में हाइवे जाम करने पर यातायात बाधित हो गया। चंपावत में भी विरोध जुलूस निकाला गया युवाओं ने गोल्ज्यू मंदिर में धरना दिया इसके अलावा रानीखेत, खटीमा, टनकपुर व बाजपुर से भी युवाओं के विरोध प्रदर्शन की खबरें हैं।

# केन्द्र सरकार के खिलाफ माकपा ने प्रदर्शन कर पुतला दहन किया




संवाददाता

देहरादून। केन्द्र सरकार पर सेना का नीजिकरण करने का आरोप लगाते हुए मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी ने प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार का पुतला फूंका।

आज यहां मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी कार्यकर्ता पुराने लोकल बस स्टेण्ड पर एकत्रित हुंए जहां पर उन्होंने प्रदर्शन कर केन्द्र की मोदी सरकार पर सेना के तीनों अंगों के नीजिकरण करने का आरोप लगाते हुए विरोध प्रदर्शन कर केन्द्र सरकार का पुतला दहन किया। इस अवसर पर वक्ताओं ने कहा कि भाजपा सरकार की अग्निपथ के नाम पर लिए गया फैसले जनविरोधी है जिसका सीध ा असर हमारी सेना की कार्य प्रणाली पर पड़ेगा। उन्होने कहा कि अब फौज के नीजिकरण से बचाखुचा रोजगार भी चला जाऐगा। उन्होने कहा कि सरकार द्वारा साजिश के तहत पिछले दो साल से आर्मी की भर्तियां रोक दी गई थी। अब आर्मी मे सिविल की तरह आऊटसोर्सिग के आधार पर कार्य शुरू हो जाऐगा जो कि हमारी देश की सुरक्षा के साथ मोदी सरकार का सबसे बड़ा हमला है। उन्होने कहा कि सरकार के इस जनविरोधी फैसले पर पार्टी व्यापक आन्दोलन खड़ाकर भाजपाराज की असलियत को जनता के बीच ले जाऐगी।वक्ताओं ने कहा है कि तक यह फैसला वापस नही होता पार्टी अपनी विरोध कार्यवाही करती रहेगी। इस अवसर पर राज्य सचिव मण्डल के कामरेड गंगाधर नौटियाल, इन्दु नौडियाल, जिलाचिव राजेन्द्र पुरोहित, महानगर सचिव अनन्त आकाश, लेखराज, हिमांशु चौहान ,विजय भट्ट ,एस एस रजवार ,ताजबरसिंह रावत ,अनिल गोस्वामी ,रामसिंह भण्डारी ,विनोद खण्डूरी ,यूएन बलूनी ,नुरैशा अंसारी ,सुरेंद्र बिष्ट ,शाहबुद्दीन ,मोनिका ,अर्जुन रावत ,नरेन्द्र ,दयाकृष्ण पाठक,विनोद कुमार आदि बड़ी संख्या में पार्टी कार्यकर्ता मौजूद थे। इस अवसर पर बर्ष 2013 में केदारनाथ त्रासदी में मारे गये लोगों के याद कर दो मिनट का मौन रखा गया।

## मसूरी में उमड़े पर्यटक, पिक्चर पैलेस पर लगा जाम

मसूरी (आरएनएस)। गुरुवार को मौसम सुहावना होने पर माल रोड पर पर्यटक उमड़े, जिसकी वजह से पिक्चर पैलेस के समीप जाम की स्थिति पैदा हो गई।

इस दौरान दुपहिया व चार पहिया वाहन जाम में फंस गए जाम लगने का मुख्य कारण लोडर वाहन रहे पुलिस को जाम खुलवाने के लिए कड़ी मशक्कत करनी पड़ी। जाम के कारण स्थानीय लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ा।

## गन्ने के खेत में युवक का शव मिला, हड़कंप

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। कलियर क्षेत्र के गन्ने के खेत में आज सुबह एक युवक का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मृतक भगवानपुर स्थित एक पेट्रोल पम्प में काम करता था। प्रारम्भिक जांच में युवक का एक्सीडेंट होने का मामला सामने आया है। वहीं पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

जानकारी के अनुसार बीते कल देर रात को भगवानपुर पेट्रोल पंप में काम करने वाला आयुष अपने साथी पेट्रोल पम्प कर्मचारी को हद्दीवाला स्तिथ पेट्रोल पम्प छोड़ने गया था। जिसके बाद से वह घर नहीं लौटा। युवक के परिजनों द्वारा काफी तलाश की गई। जिसके बाद युवक का शव आज सुबह एक गन्ने के खेत के किनारे मिला।

युवक की बाइक भी टूटी हुई अवस्था में पड़ी मिली। थाना प्रभारी कलियर मनोहर भंडारी ने बताया कि मामला एक्सीडेंट का प्रतीक होता है। युवक के शव का पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिए भिजवा दिया गया है।

# गंगा घाटों पर सफाई व्यवस्था को लेकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ किया जोरदार प्रदर्शन



नगर संवाददाता

हरिद्वार। हरिद्वार नगर निगम प्रशासन की लापरवाही के चलते माँ गंगा के घाटों पर कूड़ा- करकट, फैली गंदगी से बेहाल सफाई व्यवस्था का पूर्ण रूप से संचालन न होने के कारण गुस्साए आक्रोशित सामाजिक संगठनों के प्रतिनिधियों ने आज पूर्व मंडी अध्यक्ष संजय चोपड़ा के नेतृत्व में सफाई व्यवस्था को दुरुस्त किए जाने की मांग को लेकर नगर निगम प्रशासन के खिलाफ जोरदार प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारियों ने राज्य सरकार से मांग की है कि तीर्थ नगरी घाटों पर लगभग एक महीने से नमामि गंगे, स्पर्श गंगा, स्वच्छ गंगा योजना के तहत प्रतिदिन की जाने वाली सफाई व्यवस्था का संज्ञान लेकर जिम्मेदार अधि कारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करें।

इस अवसर पर पूर्व कृषि उत्पादन मंडी समिति अध्यक्ष संजय चोपड़ा ने कहा कि सीटी बजा कर नगर निगम प्रशासन को गहरी नींद से जगाने का प्रयास किया जा रहा है आने वाले दिनों में माँ गंगा के घाटों की सफाई व्यवस्था संचालित न होने के कारण संक्रमण वैश्विक महामारी फैलने की पूरी संभावना बनी हुई है उत्तराखंड सरकार द्वारा शीघ्र ही प्राथमिकता के आधार पर माँ गंगा के संरक्षण के लिए चलाई जा रही केंद्र सरकार की योजना नमामि गंगे, स्पर्श गंगा, स्वच्छ गंगा, भारत स्वच्छता मिशन की समीक्षा कर सफाई व्यवस्था को पुन: पटरी पर लाने की आवश्यकता है। चोपड़ा ने चेतावनी दी यदि नगर निगम प्रशासन द्वारा माँ गंगा के घाटों पर सफाई व्यवस्था को लेकर गंभीर रूप से अभियान नहीं चलाता है तो सामाजिक संगठनों के साथ नगर निगम का घेराव कर चरणबद्ध तरीके से आंदोलन चलाए जाएंगे जिसकी समस्त जिम्मेदारी नगर निगम प्रशासन की होगी। प्रदर्शनकारियों में राजेंद्र पाल, प्रभात चौधरी, वीरेंद्र कुमार, अशोक कुमार, नितिन शर्मा, अनिल जैन, भोला शर्मा, मनीष शर्मा, चंदन सिंह रावत, जय सिंह बिष्ट सहित कई लोग शामिल थे।



## एक नजर

### सुप्रीम कोर्ट ने 'बुलडोजर' कार्रवाई को लेकर यूपी सरकार को भेजा नोटिस!

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने उत्तर प्रदेश सरकार को बुलडोजर कार्रवाई को लेकर नोटिस भेजा है। योगी सरकार ने हाल ही में हुई हिंसा के आरोपियों के घर पर बुलडोजर चलवाकर उनके घरों को जमीदोज कर दिया था। इसी कार्रवाई को लेकर गुरुवार को देश की शीर्ष अदालत ने योगी सरकार को नोटिस जारी कर ये कहा है कि बुलडोजर की कार्रवाई कानून के अनुसार होनी चाहिए, यह प्रतिशोध नहीं हो सकतीष। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने राज्य सरकार के साथ–साथ प्रयागराज और कानपुर के नागरिक अधिकारियों से तीन दिनों के भीतर जवाब मांगा है। न्यायाधीशों ने कहा, सब कुछ निष्पक्ष दिखना चाहिए, हम अधिकारियों से केवल कानून के अनुसार कार्य करने की उम्मीद करते हैं। सुरक्षा सुनिश्चित करें ताकि कुछ भी अप्रिय न हो। हालांकि अदालत ने विध्वंस पर रोक नहीं लगाई, न्यायाधीशों ने कहा, हम विध्वंस नहीं रोक सकते। हम कह सकते हैं कि कानून के अनुसार कार्रवाई होनी चाहिए। मामले की अगली सुनवाई मंगलवार को होगी। बता दें कि योगी सरकार की बुलडोजर कार्रवाई को लेकर जमीयत उलमा–ए–हिंद ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया था।



### बस्ती में भीषण सड़क हादसा, एक परिवार के 4 लोगों की मौत

बस्ती। उत्तर प्रदेश के बस्ती में हुए भीषण सड़क हादसे में एक ही परिवार के ४ सदस्यों की दर्दनाक मौत हो गई। ३ लोग गंभीर रूप से घायल हुए हैं। जिन्हें इलाज के अस्पताल में भर्ती कराया गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर इस मामले की जांच शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक, कप्तानगंज थाना इलाके के नेशनल हाइवे पर एक तेज रफ्तार कार अनियंत्रित होकर अज्ञात वाहन से टकार गई। हादसे में गाड़ी के परखच्चे उड़ गए। मृतक गोरखपुर के पादरी बाजार के रहने वाले बताए जा रहे हैं। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और घंटों की मेहनत के बाद मृतकों और घायलों को बाहर निकाला। एंबुलेंस की मदद से गंभीर रूप से घायलों को स्थानीय अस्पताल भेजा गया। जहां जांच के बाद डॉक्टरों ने उन्हें केजीएमसी रेफर कर दिया। पुलिस इस हादसे की जांच में जुट गई है। । कार में चालक समेत एक ही परिवार के ७ लोग बैठे थे। जिनमें चालक, सास, बहू और बेटे की मौत हो गई तथा बाबा और पोती– पोता गंभीर रूप से घायल हैं। डीएसपी कलवारी विनय चौहान ने दुर्घटना में ४ मृतकों की पुष्टि करते हुए बताया कि तीनों घायलों को जिला अस्पताल से हायर सेंटर गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया गया है।



## युवती के साथ छेड़छाड़ करने पर दो के खिलाफ मुकदमा

देहरादून (सं)। युवती के साथ छेडछाड, गाली गलौच कर जान से मारने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने दो युवकों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मोहित विहार निवासी युवती ने शहर कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह घंटाघर स्थित हेमवती नंदन बहुगुणा एमडीडीए कंपलेक्स में स्थित चाय सुट्टा बार रेस्टोरेंटस मे रात्री लगभग साढे बजे काफी पी रही थी। उसी दौरान उसने देखा कि कुछ युवक उसे घूर रहे हैं। उसने अपना चेहरा घुमा लिया। तभी दूसरी और से कुछ युवक उठे और आकर कहने लगे चलोगी क्या वह एकदम से घबरा गई और उसने कहा कौन है आप और किस प्रकार की बदतमीजी और कहां चलने के लिए आप बोल रहे हैं। दोनो युवकों ने उसको मां बहन की गन्दी गन्दी गालियां देनी शुरू कर दी। उसने घबराकर 112 पर फोन किया उसके फोन मिलाते ही उनमें से एक युवक दूसरे से बोला सलमान फटाफट एक्टिवा से गन निकाल आज इस शहर के लोगो ओर इसको पता चलेगा कि सरेआम मर्डर कैसे होते हैं। इतने में 112 पर की गई सूचना पर पुलिस के दो सिपाही मौके पर पहुंचे उसको और उन लडको को धारा चौकी ले आये दूसरे युवक का नाम लईक चौहान बोला जा रहा था पुलिस को उसने ं सारी घटना बताई परंन्तु पुलिस द्वारा उसके फोन को ही चैक किया गया। युवकों के द्वारा लिखा गया शिकायती पत्र लिया और उसको घर भेज दिया। पुलिस का व्यवहार युवको के साथ पूरी तरह से दोस्ताना था। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# कैसिनो कॉइन व ताश की गड्डी से जुआ खेलते 24 लोग गिरफ्तार



हमारे संवाददाता

देहरादून। एसटीएफ उत्तराखण्ड व दून पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा आज तड़के सहसपुर क्षेत्र में बड़ी कार्यवाही करते हुए 25 लोगों को कैसिनो कॉइन तथा ताश से जुआ खेलते हुए गिरफ्तार कर लिया गया है। जुए का यह बड़ा कारोबार दो लोग चला रहे थे जिनमें से एक छापेमारी के दौरान फरार होने में कामयाब रहा।

जानकारी के अनुसार आज तड़के एसटीएफ उत्तराखण्ड व सहसपुर थाना पुलिस को सूचना मिली कि सहसपुर

### ❑लाखों की नगदी, कैसिनो कॉइन व ताश की गड्डियां बरामद

क्षेत्र के होरोवाला स्थित संजीवनी रिसोर्ट में कैसिनों कॉइन व ताश के पत्तों से जुआ खिलाया जा रहा है। जिसमें बाहरी राज्यों सहित उत्तराखण्ड के कई लोग शामिल है। सूचना पर तत्काल कार्यवाही करते हुए एसटीएफ व सहसपुर थाना पुलिस की संयुक्त टीम ने जब संजीवनी रिसोर्ट पर छापेमारी की गयी तो वहां अफरा तफरी फैल गयी। संयुक्त टीम ने मौके से संचालक पारस गुलाटी सहित 24 लोगों को गिरफ्तार कर लिया है। जबकि एक संचालक कपिल अरोड़ा फरार होने में कामयाब रहा। संयुक्त टीम ने मौके से 1 लाख 22 हजार की नगदी, 60 ताश की गड्डियां व 23 सौ कैसिनो काइन बरामद किये।

बताया जा रहा है कि रिसोर्ट में यह काला कारोबार पारस गुलाटी व कपिल अरोड़ा द्वारा किया जा रहा था। पकड़े गये जुआरियों में यूपी, दिल्ली, पंजाब, हरियाणा, देहरादून व हरिद्वार के लोग भी शामिल है।

## यूजरनेम व पासवर्ड चोरी कर एक लाख रूपये ठगे

संवाददाता

देहरादून। एसबीआई बैक के खाते बन्द होने के मैसेज भेजकर यूजरनेम व पासवर्ड चोरी कर एक लाख रूपये की ठगी के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार रेसकोर्स निवासी कृष्णा कपूर ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि सात जून को उसके मोबाईल पर अन्य मोबाईल से संदेश प्राप्त हुआ था कि उसके एसबीआई बैंक खाते से संबंधित दोनों एकाउण्ट बंद कर दिया गया है जिसे खुलवाने के लिए केवाईसी में पैन कार्ड अपडेट करने की आवश्यकता है, मैसेज में एक लिंक भी था जिसे क्लिक करने पर एक वेबपेज खुल गया जिस पर एसबीआई का लोगो होने के कारण ऐसा प्रतीत हो रहा था की यह एसबीआई बैंक का ही वेब पेज है। उसके द्वारा अपना एसबीआई बैंक का यूजर आईडी व पासवर्ड भरकर लॉगईन किया गया, तो एक नया वेबपेज खुल गया जिस पर केवाईसी अंकित था, जिस पर उसको केवाईसी अपडेट करने के लिए अपने मोबाईल नम्बर पर प्राप्त हो रहे ओटीपी डालने थे। मेरे द्वारा तीन बार ओटीपी डालने पर उसके द्वारा अपने मोबाईल में मैसेज चैक करने पर पता चला कि उसके एसबीआई बैंक के खाता एक लाख 19 हजार ,985 रूपये की निकासी हो गई है। तब उसे एहसास हुआ कि उसके साथ किसी साईबर ठग ने मेरी यूजरनेम व पासवर्ड की चोरी कर उसके साथ साईबर ठगी की है।

## कांग्रेसियों का राजभवन कूच, पुलिस ने बैरिकेटिंग लगाकर रोका



नगर संवाददाता

देहरादून। राहुल गांधी को ईडी की ओर से पूछताछ के लिए बुलाने के विरोध में आज कांग्रेसियों ने राजभवन कूच किया। जिन्हे हाथीबड़कला के पास पुलिस ने बैरिकेडिंग लगाकर रोक दिया गया। जिसके बाद पुलिस और प्रदर्शनकारियों में जमकर नोकझोंक हुई।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की ओर से कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जांच के नाम पर प्रताड़ित करने का आरोप लगाते हुए कांग्रेस कार्यकर्ताओं पर लाठीचार्ज करने और एआईसीसी मुख्यालय दिल्ली को सील किए जाने के विरोध में कांग्रेसियों ने आज राजभवन कूच किया। जिन्हे पुलिस द्वारा हाथीबड़कला के समीप बैरिकेंटिंग लगाकर रोक दिया गया। राजभवन कूच करने से रोके जाने पर कांग्रेस नेताओं की पुलिस से भी झड़पें हुई। इस मौके पर कांग्रेस नेताओं ने कहा कि मोदी सरकार हिटलरशाही पर उतर आई है। लोकतंत्र को खत्म किए जाने की साजिश रची जा रही है। उन्होने कहा कि केंद्र सरकार सरकारी एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। सरकार विपक्ष की आवाज को दबाने के लिए राहुल गांधी को प्रवर्तन निदेशालय के बयानों के बहाने परेशान कर रही है, जो निंदनीय है।

आर.एन.आई.- 59626/94
स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।
*प्रधान संपादक*
कांति कुमार
*संपादक*
पुष्पा कांति कुमार
*समाचार संपादक*
आनंद कांति कुमार
कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट
कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808
*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*